# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–18 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ऐतिहासिक मिशन की उपलब्धियों की सराहना की। लोकसभा में विशेष चर्चा के दौरान डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इस उपलब्धि पर पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है।

**एक ऐसा वक्त है जब सारा देश जश्न के माहौल में है। हर मां अपने बच्चे के लिये दुआ करती है कि बड़ा होकर के शुभांशु शुक्ला बनें और हर बच्चा यह ख्वाब देख रहा है कि मैं भी बड़ा होकर शुभांशु शुक्ला बनूं। आज दुनिया ने भारत के क्षमताओं के आगे सर झुकाया है। अभी कल ही शुभांशु के सफल यात्रा के बाद राजधानी दिल्ली में वापसी हुयी है, आगमन हुआ है और उससे कुछ ही समय पहले ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारत की अंतरिक्ष में क्षमताओं का प्रदर्शन धरती से आकाश तक देख कर के सारे विश्व ने हिन्दुस्तान का लोहा माना है।**

डॉ. सिंह ने पिछले 11 वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए कई सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया गया है जिससे नवाचार और अनुसंधान में वृद्धि हुई है।

**********

प्रदेश विधानसभा में अगले साल जनवरी माह में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 20 और 21 जनवरी को प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज यूपी विधानसभा के मानसून सत्र के बाद एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में सभी विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद सभापति सहित अन्य महत्वपूर्ण लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा हुई है। उनकी सहमति भी मिल गयी है। उन्होंने बताया कि मानसून सत्र के दौरान इस बार 24 घण्टे की विशेष चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने भाग लिया। महत्वपूर्ण विषय पर स्वस्थ चर्चा हुई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान –एसजीपीजीआई, लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए अत्याधुनिक उपचार की सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू हुए सलोनी हार्ट सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद का संचार कर रहा है। यह पहल 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सुफल है और बच्चों के जीवन की रक्षा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए दो सौ से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री गोरखनाथ स्थित झूलेलाल मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि पूर्वक भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना कर आरती की।

**********

प्रदेश के बहराइच जिले का कारिकोट गांव ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना चुका है। इस गांव का चयन इंडियन सब कांटिनेंटल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म –आईसीआरटी अवॉर्ड 2025 के लिए किया गया है। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि कारिकोट गांव को यह सम्मान 13 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की पहल पर ग्रामीणों ने होमस्टे की कारिकोट में शुरुआत की। साथ ही सीमा पर्यटन जैसी अभिनव पहल भी की गई। इन प्रयासों से स्थानीय समुदायों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिला और लोक कलाओं को भी नई पहचान मिली है।

**********

वाराणसी में गंगा और उसकी सहायक नदियों में आई बाढ़ का पानी उतरने के बाद गंगा घाटों पर जमा कीचड़ और गाद की सफाई के लिए आज नगर निगम के साथ नमामि गंगे ने दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया नगर निगम के कर्मियों के साथ नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने मिलकर घाट पर सफाई अभियान में भागीदारी की।

**********

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आज हृदयाघात से होने वाली आकस्मिक मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक और वाराणसी के राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि हृदयाघात में मरीज के पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। यदि इस समय के भीतर सही प्रक्रिया से सीपीआर दिया जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है।

**********